उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,

पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर,

लखनऊ-226010

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

विज्ञप्ति संख्या- 7/विज्ञप्ति-परीक्षा/आयोग/2015

आवेदन हेतु रेजिस्ट्रेशन प्रारम्भ होने की तिथि-22 जुलाई, 2015

आवेदन सबमिट किए जाने की अंतिम तिथि 18 अगस्त, 2015

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, लखनऊ के विज्ञापन संख्या 9- परीक्षा/2015 के अंतर्गत उत्तर प्रदेश सचिवालय प्रशासन (अधिष्ठान) विभाग, उत्तर प्रदेश शासन के नियंत्रणाधीन विधान भवन रक्षक, वेतन बैंड 5200-20200 ग्रेड पे-2000/- के रिक्त 83 पदों व विधान भवन अग्निरक्षक वेतन बैंड 5200-20200 ग्रेड पे-2000/- के रिक्त 39 पदों तथा प्रमुख वन संरक्षक, उत्तर प्रदेश लखनऊ के नियंत्रणाधीन वन्य जीव रक्षक वेतन बैंड 5200-20200 ग्रेड पे- 1900/- के रिक्त 104 पदों व वन रक्षक वेतन बैंड 5200-20200 ग्रेड पे- 1900/- के 337 रिक्त पदों कुल 563 पदों पर **<u>विधान भवन रक्षक / विधान भवन अग्निरक्षक व वन्यजीव रक्षक /वनरक्षक (सामान्य चयन) परीक्षा 2015</u>** के अंतर्गत भर्ती हेतु भारत के नागरिकों से आन लाइन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

नोटः- उक्त पद समाज के विकलांगजनों हेतु चिन्हांकित नहीं है।

2- उत्तर प्रदेश के अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों तथा अन्य श्रेणियों के ऐसे अभ्यर्थी जिन्हें उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आरक्षण की सुविधा और प्रदेश सरकार के अद्यतन विद्यमान शासनादेशों के अनुसार अधिकतम आयु सीमा में छूट का लाभ अनुमन्य है, को विद्यमान शासनादेशों के अनुसार क्रमशः आरक्षण की सुविधा एवं अधिकतम आयुसीमा में छूट प्रदान की जायेगी। अतः उपर्युक्त पदों पर भर्ती हेतु इच्छुक अभ्यर्थी जो निम्नलिखित अर्हता रखते हों और जिनकी 01 जुलाई, 2015 को आयु 18 से 40 वर्ष हो वे आनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

अनिवार्य अर्हता (शैक्षिक):- माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश की इंटरमिडिएट परीक्षा या सरकार द्वारा उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई परीक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है।

3- <u>चयन का आधार:-</u>

(1) विधान भवन रक्षक एवं विधान भवन अग्निरक्षक पदों हेतु शारीरिक स्वस्थता का मापदंड एवं मानक निर्धारित है तथा इन पदों पर चयन लिखित परीक्षा तथा साक्षात्कार के आधार पर किया जाएगा।

(2) वन्यजीव रक्षक एवं वनरक्षक पर चयन (क) लिखित परीक्षा (ख) साक्षात्कार (ग) शारीरिक मानक परीक्षा (घ) शारीरिक दक्षता परीक्षा (ङ) चिकित्सा परीक्षा के आधार पर किया जाएगा।

नोट-(एक) शारीरिक मानक परीक्षा, शारीरिक दक्षता परीक्षण तथा चिकित्सीय परीक्षा अर्हकारी प्रकृति की होंगी अर्थात (1) लिखित परीक्षा व साक्षात्कार परीक्षा में सफल घोषित अभ्यर्थियों से शारीरिक मानक परीक्षा में सम्मिलित होने की अपेक्षा की जाएगी। (2) शारीरिक मानक परीक्षा में सफल घोषित अभ्यर्थियों से शारीरिक दक्षता परीक्षण में सम्मिलित होने की अपेक्षा की जाएगी। (3) जो अभ्यर्थी शारीरिक दक्षता परीक्षा में सफल घोषित किए गए हों उनसे चिकित्सा परीक्षा में सम्मिलित होने की अपेक्षा की जाएगी।

(दो) विधान भवन रक्षक, विधान भवन अग्निरक्षक, वन्यजीव रक्षक एवं वन रक्षक के पदों पर चयन हेतु उत्तर प्रदेश समूह-ग के पदों पर सीधी भर्ती (रीति और प्रक्रिया) नियमावली, 2015, अधिसूचना दिनांक 11 मई, 2015 में विहित प्रावधानो के अंतर्गत सीधी भर्ती की प्रक्रिया, पाठ्यक्रम, लिखित परीक्षा व साक्षात्कार के अंक वही होंगे जो राज्य सरकार के अनुमोदन से आयोग द्वारा निर्धारित किए जाएंगे। तदनुसार लिखित परीक्षा के लिए परीक्षा योजना तथा पाठ्यक्रम एवं परीक्षा तिथि के संबंध में अभ्यर्थियों को यथासमय सूचित किया जाएगा।

उपरोक्त पदों के संबंध में आवेदन की शर्तें, निर्धारित प्रारूप आदि का विस्तृत विवरण आयोग की वेबसाइट http://upsssc.gov.in पर दिनांक 22.07.2015 से उपलब्ध रहेगा। उपरोक्त विज्ञापित पदों के सापेक्ष आवेदन पत्र सबमिट (Submit) करने की अंतिम तिथि 18.08.2015 है। इच्छुक अभ्यर्थी ई-चालान /आई कलेक्ट के माध्यम से दिनांक 15.08.2015 तक अपना शुल्क जमा कर सकते हैं। आयोग की वेबसाइट http://upsssc.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया दिनांक 22.07.2015 से प्रारम्भ होगी।

आज्ञा से,

10.07.15

(संतोष कुमार)

परीक्षा नियंत्रक।